RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 8 अंक 176
लखनऊ, सोमवार, 16 अप्रैल, 2018
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

अपने पिता के पक्ष में हमेशा खड़ी रहूंगीः साइना
स्पोर्ट्स-14

पीजीआई और केजीएमयू के लिए गोमतीनगर से सिटी बस सेवा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के गोमतीनगर इलाके से पीजीआई व केजीएमयू जाने वाले यात्रियों को अब साधन की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अनुरोध पर रविवार से इस सेवा की शुरुआत हुई। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने रविवार को गोमतीनगर के दयाल पैराडाइज चौराहे से हरी झंडी दिखाकर इन बसों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

गोमतीनगर डिपो की रूट नंबर 44 ए की बस केजीएमयू व रूट नंबर 33 पी की बस पीजीआई के लिए संचालित होगी। इन दोनों मार्गों पर एक-एक बसों का संचालन सुबह सात से रात दस बजे तक किया जाएगा। बसें दोनों मार्गों पर सुबह से शाम तक छह-छह चक्करों के लिए संचालित होंगी। समिति के पदाधिकारी रामदयाल मौर्या ने बताया कि अभी तक गोमतीनगर से पीजीआई व केजीएमयू जाने के लिए सिटी बसों की कोई सीधी सेवा नहीं है।

लिहाजा यहां से इलाज कराने जाने वाले लोगों को साधन के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का निराकरण कराने व गोमतीनगर से पीजीआई व केजीएमयू के लिए बसें संचालित करने के लिए परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र लिखा गया था। इन दोनों मार्गों पर रविवार से बसों के संचालन की शुरुआत होने से अब खासकर अपना इलाज कराने के लिए इन दोनों अस्पतालों में जाने वाले यात्रियों को साधन संबंधी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।